# PUZZLE

**निर्देश: ( प्र.1–32 ): निम्नलिखित सूचनाओं का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिये गये प्रश्नों का उत्तर दीजिए:**

**प्रश्न 1–5:**

सात मित्र M, V, K, D, T, J और R विभिन्न कक्षा तीसरी, चौथी, पांचवी, छठी, सातवी आठवी एवं नवीं स्तर में पढ़ते हैं। उनमे से प्रत्येक का एक पसंदीदा रंग पीला, नीला, लाल, सफेद, काला, हरा और बैंगनी है। J को लाल रंग पसंद है और पांचवी कक्षा में पढ़ता है। R को बैंगनी रंग पसंद है और तीसरी कक्षा में पढ़ता है। M का आठवीं कक्षा में पढ़ता है और उसे न तो हरा न हीं पीला रंग पसंद है। K को सफेद रंग पसंद है और वह न तो सातवीं न हीं चौथी कक्षा में पढ़ता है। D छठी कक्षा में पढ़ता है और उसे काला रंग पसंद है। T चौथी में नहीं पढ़ता। V को हरा रंग पसंद नहीं है।

1. M का पसंदीदा रंग कौन–सा है?
   (a) लाल (b) पीला (c) हरा
   (d) नीला (e) इनमें से कोई नहीं

2. V का पसंदीदा रंग कौन–सा है?
   (a) हरा (b) लाल (c) पीला
   (d) आंकड़े अधूरे है (e) इनमें से कोई नहीं

3. किस कक्षा में V पढ़ता है?
   (a) चौथी (b) नवीं (c) सातवीं
   (d) आंकड़े अधूरे है (e) इनमें से कोई नहीं

4. किस कक्षा में K पढ़ता है?
   (a) तीसरी (b) पाचवीं (c) चौथी
   (d) सातवीं (e) इनमें से कोई नहीं

5. किस कक्षा में T पढ़ता है?
   (a) चौथी (b) सातवीं
   (c) आठवीं (d) नवीं
   (e) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 6–10:**

M, B, T, W, D और H में से तीन फैक्टरी X में और तीन फैक्टरी Y में काम करते हैं। इनमे से प्रत्येक भिन्न–भिन्न राशि कमाता है। T फैक्टरी Y में काम करता है और सबसे कम कमाता है। W और D फैक्टरी Y में काम नहीं करते हैं और इनमें से कोई सबसे अधिक नहीं कमाता है। H और W से B कम कमाता है। T जिस फैक्टरी में काम करता है उसमें M काम नहीं करता है। M, D से अधिक किन्तु B से कम कमाता है।

6. सबसे अधिक कौन कमाता है?
   (a) H (b) W (c) D
   (d) डाटा अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

7. B किस फैक्टरी में काम करता है?
   (a) X (b) Y (c) X and Y
   (d) डाटा अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से कौन–सा समूह फैक्टरी X में काम करता है।
   (a) TBH (b) WDH (c) WDM
   (d) TBM (e) इनमें से कोई नहीं

9. कौन M से कम कमाता है?
   (a) केवल D (b) केवल T (c) केवल B
   (d) केवल D और T (e) इनमें से कोई नहीं

10. W निम्नलिखित में से किस समूह से अधिक कमाता है?
    (1) BMDT (b) BMD (c) BDT
    (d) डाटा अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 11–15:**

P, Q, R, S, T और V छः छात्र हैं जो एक कक्षा में पढ़ रहे है। उनमें से हरेक की लंबाई और वजन अलग–अलग है। जो सबसे लंबा है, वह सबसे भारी नहीं है। T केवल P से लंबा है और R से हल्का है। Q, S और P से लंबा है और केवल T और V से भारी है। P केवल S से हल्का है। T, V से भारी है। S, V से लंबा है और Q सबसे लंबा नहीं है।

11. उनमें से T से भारी कितने हैं?
    (1) एक (b) दो (c) तीन
    (d) पांच (e) इनमें से कोई नहीं

12. उनमें से Q से छोटे कितने है?
    (a) दो (b) चार (c) तीन
    (d) पांच (e) इनमें से कोई नहीं

13. उनमें से सबसे लंबा कौन है?
    (a) V (b) P (c) T
    (d) R (e) इनमें से कोई नहीं

14. यदि इन्हें लंबाई के अवरोही क्रम से व्यवस्थित किया जाए तो प्रारंभ से तीसरा कौन होगा?
    (a) D (b) V (c) S
    (d) डाटा अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

15. उनमें से सबसे हल्का कौन है?

(a) V (b) T (c) P

(d) R (e) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 16–19:**

B, M, T, R, K, H और D III- टियर स्लीपर बर्थ वाले ट्रेन के एक डिब्बे में सफर कर रहे हैं। प्रत्येक का अलग-अलग व्यवसाय है, जैसे इंजीनियर, डॉक्टर, आर्किटेक्ट, फार्मासिस्ट, वकील, पत्रकार और पैथोलॉजिस्ट। उन्होंने दो लोअर बर्थ, तीन मिडल बर्थ और दो अपर बर्थे संभाली हुई हैं। B जो इंजीनियर है अपर बर्थ पर नहीं है। आर्किटेक्ट एक मात्र ऐसा दूसरा व्यक्ति है जिसने B की तरह की बर्थ ली हुई है। M और H मिडल बर्थ पर नहीं हैं और वे पेशे में क्रमशः पैथोलॉजिस्ट और वकील हैं। T फार्मासिस्ट है। D न तो पत्रकार है और न ही आर्किटेक्ट। K की बर्थ डॉक्टर की तरह की ही है।

16. D का व्यवसाय क्या है?

(a) डॉक्टर (b) इंजीरियर (c) वकील

(d) फार्मासिस्ट (e) डाटा अपर्याप्त

17. निम्नलिखित में से कौन-सा समूह मिडल बर्थ पर है?

(1) DKR (b) DHT (c) HKT

(d) DKT (e) इनमें से कोई नहीं

18. निम्नलिखित में से व्यक्ति-बर्थ-व्यवसाय का कौन-सा संयोजन सही है?

(a) R-लोअर-पत्रकार

(b) R-लोअर-आर्किटेक्ट

(c) D-अपर-डॉक्टर

(d) K-अपर-वकील

(e) इनमें से कोई नहीं

19. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा लोअर बर्थ पर है?

(a) BD (b) BK (c) BT

(d) डाटा अपर्याप्त है। (e) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 20–24:**

M, T, J, R, D, W तथा Q सात मित्र A, B, तथा C तीन कार से यात्रा कर रहे हैं। प्रत्येक कार में कम-से-कम दो मित्र सवार हैं। इनमें 3 महिलायें हैं जो प्रत्येक कार में एक-एक की संख्या में सवार हैं। T केवल अपने सबसे अच्छे महिला दोस्त Q के साथ कार B में सवारी करता है। M कार A में यात्रा करता है। D तथा W कार C में यात्रा नहीं करतें। J, महिला नहीं है, जबकि W महिला है।

20. J किस कार में यात्रा करता है?

(a) A (b) B (c) C

(d) सूचना अपर्याप्त है (e) इनमें से कोई नहीं

21. किस कार में तीन मित्र सफर करते हैं?

(a) B (b) A (3) C

(d) सूचना अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

22. D किस कार में यात्रा करता है?

(a) B (b) A (c) A or C

(d) सूचना अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

23. निम्न में से कौन समूह तीन महिलाओं को व्यक्त करता है?

(a) WQR (b) DQR (c) DTR

(d) सूचना अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

24. निम्न में से कौन व्यक्ति-कार को जोड़ा असत्य है?

(a) A-M (b) B-Q (c) C-R

(d) A-D (e) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 25–29:**

सात मित्र R, M, K, P, L, W और B तीन विभिन्न भवन अर्भात X, Y और Z में हैं। किसी भी भवन में कम-से-कम दो और अधिक-से-अधिक तीन व्यक्ति रहते हैं। उनमें से प्रत्येक को अलग-अलग फल यथार्त सेब, अंजिर, तरबूज, संतरा, अंगूर, अनानास और आम पसंद है। यह आवश्यक नहीं है कि उसी क्रम में है। उनमें से तीन लड़कियां हैं, उनमें से प्रत्येक तीनों अलग-अलग भवन में रहती हैं। W को संतरा पसंद है और वह भवन Y में केवल P के साथ रहता है। M, भवन Z में रहता हैं और उसे अंजिर पंसद है। भवन X में रहने वाले किसी को भी सेब और अंगूर पसंद नहीं है। R और L भवन X में नहीं रहते है। K, R की अभिन्न मित्र है और वह तरबूज पसंद नहीं करती है। L को अनानास पसंद है। किसी भी लड़की को संतरा पसंद नहीं है और किसी एक को सेब पसंद है। R को अंगूर पसंद नहीं है।

25. आम किसकी पसंद हैं?

(a) K (b) B (3) P

(d) डाटा अपर्याप्त है। (e) इनमें से कोई नहीं

26. भवन Z में कौन रहता है?

(a) M, R (b) K, B, M (c) M, R, B

(d) M, K, R (e) इनमें से कोई नहीं

27. R को निम्नलिखित में से कौन सा फल पसंद है?

(a) सेब (b) तरबूज

(c) आम (d) अनानास

(e) इनमें से कोई नहीं

28. सभी मित्रों में तीन लड़कियां कौन हैं?

(a) K, R, W (b) R, K, P (c) K, M, P

(d) आकड़े अधूरे हैं (e) इनमें से कोई नहीं

29. B को कौन-सा फल पसंद है?

(a) आम (b) अगूंर (c) सेब

(d) तरबूज (e) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 30–32:**

सात दोस्त G, H, I, J, K, L एवं M अलग-अलग खेल खेलते हैं, यर्थात-बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, कैरम, गोल्फ, हॉकी, क्रिकेट एवं

फुटबाल, लेकिन जरूरी नहीं कि उसी क्रम में। उनमें से प्रत्येक को अलग रंग पसंद है, यथार्त-गुलाबी, नारंगी, हरा, नीला, पीला, लाल और सफेद, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में।

H गोल्फ खेलता है और उसे गुलाबी रंग पसंद है, लेकिन क्रिकेट या हॉकी नहीं खेलता है। जिसे पीला पसंद है वह टेबल टेनिस खेलता है। L फुटबाल खेलता है और इसे हरा रंग पसंद है। K को नारंगी, नीला या पीला रंग पसंद नहीं है। जो कैरम खेलता है उसके सफेद पसंद है। G कैरम नहीं खेलता है ओर M क्रिकेट या हॉकी नहीं खेलता है। I को नीला रंग पसंद है, लेकिन हॉकी नहीं खेलता है।

30. निम्नलिखित में से रंग, व्यक्ति और खेल का कौन-सा संयोजन सही है?
(a) पीला-L-टेबल टेनिस
(b) पीला-K-बैडमिंटन
(c) सफेद-J-कैरम
(d) नारंगी-H-हॉकी
(e) इनमें से कोई नहीं

31. क्रिकेट कौन खेलता है?
(a) J (b) I (c) K
(d) M (e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

32. बैडमिंटन कौन खेलता है?
(a) M (b) K (c) J
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) इनमें से कोई नहीं

**Puzzle**

**1.** (d)
**2.** (c)
**3.** (a)
**4.** (e)
**5.** (b)
**6.** (d)
**7.** (b)
**8.** (c)
**9.** (d)
**10.** (a)
**11.** (e)
**12.** (b)
**13.** (d)
**14.** (c)
**15.** (a)
**16.** (a)
**17.** (d)
**18.** (b)
**19.** (e)
**20.** (c)
**21.** (b)
**22.** (b)
**23.** (a)
**24.** (e)
**25.** (a)
**26.** (e)
**27.** (a)
**28.** (b)
**29.** (d)
**30.** (c)
**31.** (b)
**32.** (a)